दैनिक नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 52 | जयपुर, मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

अरुणाचल प्रदेश शांति और संस्कृति का संगम है, यह भारत का गौरव है: प्रधानमंत्री

# वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की सफलता ने लोगों का जीवन सुगम बना दिया है : प्रधानमंत्री

- जीएसटी अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सरल हो गया है, जिससे अधिकांश वस्तुओं पर कर कम हो गया है: प्रधानमंत्री
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने सर्वशक्तिमान डोनयी पोलो के प्रति श्रद्धा व्यक्त की और सभी पर कृपा की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हेलीपैड से मैदान तक की यात्रा, मार्ग में अनगिनत लोगों से मिलना और बच्चों व युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज थामे देखना, इन सभी ने तथा अरुणाचल प्रदेश के गर्मजोशी भरे आतिथ्य ने मुझे गौरवान्वित कर दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अरुणाचल न केवल उगते सूरज की धरती है, बल्कि देशभक्ति की भी भूमि है। जिस तरह राष्ट्रीय ध्वज का पहला रंग केसरिया होता है, उसी तरह अरुणाचल की आत्मा भी केसरिया रंग से आरंभ होती है। मोदी ने कहा कि अरुणाचल का हर व्यक्ति वीरता और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने राज्य के प्रति अपना गहरा लगाव प्रदर्शित करते हुए कहा कि हर यात्रा उन्हें अपार प्रसन्नता देती है और लोगों के साथ बिताया हर पल यादगार होता है। उन्होंने अपने प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह को एक बड़ा सम्मान बताया। प्रधानमंत्री ने इस पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा, तवांग मठ से लेकर नामसाई के गोल्डन पैगोडा तक, अरुणाचल प्रदेश शांति और संस्कृति के संगम का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने इस पवित्र भूमि को भारत माता का गौरव बताया। प्रधानमंत्री ने आज अरुणाचल प्रदेश की अपनी यात्रा को तीन अलग-अलग कारणों से विशिष्ट बताते हुए।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्र के विकास की प्रेरक शक्ति बन रहा है: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक एक विकसित देश बनने के लक्ष्य की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहा है और यह विजन तभी साकार हो सकता है जब प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप प्रगति करे। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पूर्वोत्तर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने बिजली क्षेत्र का एक प्रमुख उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने 2030 तक सौर, पवन और जल विद्युत सहित गैर-पारंपरिक स्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अरुणाचल प्रदेश इस मिशन में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। उन्होंने दो नई बिजली परियोजनाओं के शिलान्यास की घोषणा की जो एक बिजली उत्पादक के रूप में अरुणाचल की स्थिति को मजबूत करेंगी, हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेंगी और विकासात्मक गतिविधियों के लिए किफायती बिजली उपलब्ध कराएंगी। प्रधानमंत्री ने कठिन विकास कार्यों को टालने की विप दल की लंबे समय से चली आ रही प्रवृत्ति की आलोचना की, जिसका अरुणाचल और पूरे पूर्वोत्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभाग - पर्वतीय क्षेत्र, वन क्षेत्र - को अक्सर विप दल द्वारा पिछड़ा और उपेक्षित घोषित किया जाता है। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर के जनजातीय क्षेत्रों और जिलों को सबसे ज़्यादा नुकसान हुआ है। सीमावर्ती गांवों को अंतिम गांव बताकर खारिज कर दिया गया, जिससे पिछली सरकारों को ज़िम्मेदारी से बचने और अपनी विफलताओं को छिपाने का अवसर मिल गया। इस उपेक्षा के कारण जनजातीय और सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों का निरंतर पलायन हुआ।क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी पुरानी सोच में बदलाव का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा पिछड़े कहे जाने वाले जिलों को अब आकां जिलों के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है और विकास को प्राथमिकता दी गई है। सीमावर्ती गांव जिन्हें कभी अंतिम गांव माना जाता था, अब देश के प्रथम गांव के रूप में पहचाने गए हैं। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव के सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास की तीव्र गति का उल्लेख किया।


## पूर्वोत्तर भारत की अष्टलक्ष्मी है: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखी। हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट) और टाटो-ढ्ढ जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश के सियोम उप-बेसिन में विकसित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने तवांग में एक अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला भी रखी। सीमांत जिले तवांग में 9,820 फीट से भी अधिक की ऊँचाई पर स्थित यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, सांस्कृतिक उत्सवों और प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों की मेजबानी करने की क्षमता वाला यह केंद्र वैश्विक मानकों को पूरा करेगा ।



# रक्षा मंत्री ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में भारत के संयम और संकल्प पर प्रकाश डाला

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रबात, मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। भारतीय समुदाय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की निर्णायक कार्रवाई की सराहना की। रक्षा मंत्री ने दोहराया कि पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हुए कायरतापूर्ण हमले का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी आजादी दी गई थी। देश के दृढ़ लेकिन संयमित दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए रामचरितमानस का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई सोची-समझी और आक्रामक नहीं थी, हमने धर्म देख कर नहीं, कर्म देख कर मारा है। भारतीयों के साथ बातचीत के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत की बहुआयामी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, भारत दुनिया की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही शीर्ष तीन में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री ने भारत के डिजिटल परिवर्तन, ज्ञान अर्थव्यवस्था में तेज़ प्रगति और एक दशक पहले 18 यूनिकॉर्न से 118 तक स्टार्टअप्स की संख्या में हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा उद्योग ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन और 100 से अधिक देशों को 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा निर्यात की उपलब्धि हासिल की है। राजनाथ सिंह ने भारतीय समुदाय की कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी की प्रशंसा की, उन्होंने विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के शब्दों को याद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में, चरित्र ही व्यक्ति की असली पहचान है। भारतीय समुदाय ने मजबूत आर्थिक नींव और बढ़ती सैन्य शक्ति में निहित भारत की वैश्विक भूमिका पर गर्व व्यक्त किया।

# नौसेना प्रमुख चार दिन के लंका दौरे पर, अंतरराष्ट्रीय समुद्री सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सोमवार को लंका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। यात्रा के दौरान वह तीनों सेनाओं के प्रमुखों तथा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ रक्षा सहयोग के व्यापक मुद्दों पर द्विपय चर्चा करेंगे। एडमिरल त्रिपाठी कोलंबो में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सम्मेलन के 12वें संस्करण में भी भाग लेंगे, जिसका विषय इस बार 'बदलती गतिशीलता के तहत हिंद महासागर का समुद्री परिदृश्य' रखा गया है। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना प्रमुख लंका के प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या और वाइस एडमिरल कंचना बनगोडा से मुलाकात करेंगे और जिसमें समुद्री सुरक्षा, क्षमता संवर्धन, प्रशिक्षण और सहयोग को मजबूत करने के अवसरों की पहचान पर ज़ोर दिया जाएगा। भारतीय नौसेना नियमित रूप से वार्षिक रक्षा वार्ता, स्टाफ वार्ता और अन्य परिचालनात्मक बातचीत के माध्यम से लंकाई नौसेना के साथ बातचीत करती है। जिसमें लंका-भारत नौसेना अभ्यास, जलमार्ग अभ्यास, प्रशिक्षण और हाइड्रोग्राफी आदान-प्रदान शामिल हैं। इसके अलावा दोनों नौसेनाएं नियमित रूप से बहुपय कार्यक्रमों जैसे हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी, गैले वार्ता, मिलन, गोवा समुद्री सम्मेलन, संगोष्ठी, कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेती हैं। लंका में नौसेना प्रमुख की बैठकें दोस्ती के बंधन को मजबूत करने और साझा रणनीतिक और समुद्री हितों के प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर समझ का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई हैं।

# विश्व सांकेतिक भाषा दिवस पर डीईपीडब्ल्यूडी बधिरों के लिए शुरू करेगा कई प्रोग्राम

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

विश्व सांकेतिक भाषा दिवस के मौके पर केंद्र सरकार का दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) मंगलवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कई नई पहलें शुरू करेगा। इनमें द्वि-वार्षिक न्यूजलेटर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, छह महीने का ऑनलाइन आईएसएल प्रशिक्षण, नई शिक्षण सामग्री, आईएसएल में 100 विज्ञान-तकनीकी शब्द, अंग्रेजी भाषा कार्यक्रम, 3,189 आईएसएल ई-सामग्री वीडियो, प्रोजेक्ट इंक्लूजन ऐप के साथ आईएसएल का उपयोग और 18 एनबीटी पुस्तकों का आईएसएल संस्करण शामिल हैं। यह कार्यक्रम दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (डीएआईसी) में आयोजित होगा।

बेहतर यूज़र इंटरफेस और उन्नत कार्यक्षमता के साथ समीर 2.0 ऐप की शुरुआत की गई

# भूपेंद्र यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 51वें स्थापना दिवस की अध्यक्षता की

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 22 सितंबर, 2025 को परिवेश भवन, नई दिल्ली में अपना 51वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने सीपीसीबी के कर्मचारियों को 51वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। यादव ने पिछले पांच दशकों में देश में अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की सराहना की और कहा कि सीपीसीबी पर न्यायालयों और देश के नागरिकों का भरोसा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा कि आज से ऐतिहासिक जीएसटी सुधार लागू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के एक साथ विकास के लिए पर्यावरण नियमों और मानदंडों को विकसित करने की आवश्यकता है और देश में नई तकनीकों के विकास और पर्यावरण प्रयोगशालाओं के विस्तार के लिए आईआईटी, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और अग्रणी अनुसंधान निकायों के साथ सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा, हमें मेक-इन-इंडिया को मजबूत बनाने और प्रदूषण कम करने के लिए नए विकल्पों और स्वच्छ तकनीकों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। यादव ने क्षमता निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य बोर्डों और एजेंसियों के क्षमता निर्माण में सीपीसीबी की प्रमुख भूमिका है। सीपीसीबी को देश के पर्यावरणीय मामलों में क्षमता निर्माण के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभानी चाहिए।

# राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ तुंरत कानूनी कार्रवाई हो : ट्रंप

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी वफादार सहयोगी और अटार्नी जनरल पाम बॉन्डी पर अपने कई राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए सार्वजनिक तौर पर दबाव डाला है। ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखे कई पोस्ट में बांडी पर अपने इन विरोधियों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने लिखा, हम अब और देर नहीं कर सकते। वे हमारी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को खत्म कर रहे हैं। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल को संबोधित करते हुए साफ तौर पर कहा, न्याय होना ही चाहिए।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# जीएसटी 2.0 : उपभोक्ताओं को राहत, उद्योग को नई उड़ान



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

भारत में लागू वस्तु एवं सेवा कर 2017 से देश की कर व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार माना गया। हालांकि, इसके लागू होने के बाद से इसमें कई खामियाँ और जटिलताएँ सामने आती रही हैं। सरकार ने इन चुनौतियों को देखते हुए 'जीएसटी 2.0' की घोषणा की।

'जीएसटी 2.0' भारत में 22 सितंबर 2025 से लागू हो गया है। इसे कर ढाँचे का एक नया रूप माना जा रहा है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को राहत देना, उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाना और देश की आर्थिक वृद्धि को गति देना है। 2,500 से कम कीमत वाले कपड़ों पर जीएसटी कम कर दिया गया है। इससे आम और मध्यम वर्गीय परिवारों पर खर्च का बोझ घटेगा। अब कच्चे माल पर अधिक और तैयार वस्तु पर कम कर लगने की समस्या दूर होगी। इससे कपड़ा उद्योग, हैंडलूम और छोटे व्यापारी बड़ी राहत महसूस करेंगे। कर संरचना सरल होने से उत्पादन लागत घटेगी। घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।ऑनलाइन रिटर्न, ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग को और आसान बनाने की दिशा में प्रयास। टैक्स चोरी पर नियंत्रण और कर संग्रहण में पारदर्शिता। सरकार ने इसे जीएसटी बचत उत्सव जैसे अभियानों से जनता तक पहुँचाने की कोशिश की है।

त्योहारी सीजन से पहले इसका लाभ जनता तक पहुँचाने का राजनीतिक और सामाजिक असर भी है। 'जीएसटी 2.0' लागू हो तो गया है लेकिन इसके समक्ष कुछ चुनौतियाँ भी हैं जैसे, छोटे व्यापारियों के लिए अभी भी कम्प्लायंस और कागज़ी औपचारिकताएँ बोझिल साबित हो सकती हैं।

जीएसटी दरों में कमी से सरकार के तत्काल राजस्व पर दबाव पड़ेगा। वास्तविक लाभ उपभोक्ता तक कितनी जल्दी और कितनी पारदर्शिता से पहुँचेगा, यह सबसे बड़ा सवाल है। सुधारों को लेकर जनता और व्यापार जगत में जागरूकता अभियान और भरोसा कायम करना सरकार की जिम्मेदारी होगी। 'जीएसटी 2.0' का ऐलान ऐसे समय हुआ है जब देश में त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है।

इससे जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा और यह राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो सकता है। आलोचकों का कहना है कि सरकार इसे चुनावी रणनीति के रूप में पेश कर रही है, लेकिन समर्थकों का मानना है कि यह लंबे समय से जरूरी सुधार था। 'जीएसटी 2.0' केवल कर सुधार नहीं, बल्कि यह सरकार का ऐसा प्रयास है जो उपभोक्ता, उद्योग और सरकार–तीनों के हितों को साधने की कोशिश करता है। अगर इसका क्रियान्वयन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ हुआ तो यह न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत देगा, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ताकत भी प्रदान करेगा।

हालांकि, अगर यह केवल प्रचार और राजनीतिक लाभ तक सीमित रह गया तो इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। अंततः, 'जीएसटी 2.0' भारत की कर प्रणाली के नए अध्याय की शुरुआत है–जहाँ उपभोक्ता को राहत, उद्योग को सहारा और अर्थव्यवस्था को नई गति देने की संभावना छिपी है।

---

**प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने अनुशासन पर दिया जोर, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी**

# राष्ट्रीय लोकदल के प्रशिक्षण शिविर में 422 नए सदस्यों ने थामा पार्टी का हाथ







■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राष्ट्रीय लोकदल राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना की अध्यक्षता में सोमवार को राजधानी जयपुर स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में पार्टी का विशेष प्रशिक्षण शिविर एवं कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार गौतम, राष्ट्रीय महासचिव सगीर अहमद सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर जयपुर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में 422 कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के लिए निष्ठा एवं समर्पण भाव से काम करने की शपथ ली। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा से किसानों, युवाओं और आमजन की आवाज रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि 1985 से 1990 तक राजस्थान में लोकदल के 50 से अधिक विधायक और 9 से 10 मंत्री सरकार में थे। हमारा इतिहास गौरवशाली रहा है और भविष्य में भी पार्टी राजस्थान की राजनीति में मजबूत तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी।त्यागी ने रोजगार संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है और उसका समाधान केवल लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने में है। कपड़ा, जूता, माचिस, मोमबत्ती, कॉपी-किताब जैसे उद्योग यदि पनपेंगे तो गांव-गांव में रोजगार पैदा होगा। चौधरी चरण सिंह हमेशा कहते थे - 'गांव को ताकत दो, हाथ को ताकत दो' - और यही आज की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार गौतम ने राजस्थान में लोकदल के विस्तार की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में पार्टी का आधार मजबूत हुआ है, उसी तरह राजस्थान में भी अपार संभावनाएं हैं।

हमें बूथ स्तर तक कार्य करना होगा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। यदि कार्यकर्ता ईमानदारी और समर्पण से काम करें तो हम एक बार फिर 80 का दशक दोहरा सकते हैं। राष्ट्रीय महासचिव सगीर अहमद ने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान में राष्ट्रीय लोकदल तीसरे मोर्चे के रूप में सामने आएगा। हमारी नीतियां किसान, मजदूर, युवा और छोटे व्यापारियों के हित में हैं। यही हमारी ताकत है और यही हमें अलग पहचान दिलाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और मर्यादाओं का पालन करने का निर्देश दिया। अवाना ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल परिवार में हर कार्यकर्ता एक सैनिक है। जो पार्टी की नीति और रीति के अनुसार काम करेगा वही संगठन में टिकेगा। आने वाले समय में यदि किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता ने अनुशासनहीनता दिखाई तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष शिविर में कार्यकर्ताओं को न केवल संगठन की नीतियों और अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया बल्कि आने वाले समय में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रूपरेखा भी तय की गई। 422 नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से जयपुर सहित पूरे प्रदेश में लोकदल के विस्तार को नई ऊर्जा और गति मिली है।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### जेकेके में देव फेस्टिवल 26 सितम्बर कोफेस्टिवल में म्यूजिक क्विज़ शो और डांस परफॉर्मेंस

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जवाहर कला केंद्र में सदाबहार अभिनेता देव आनंद के जन्मदिन पर देव फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी के सहयोग से आयोजित फेस्टिवल में म्यूजिकल क्विज़ शो व डांस परफॉर्मेंस होंगी। 26 दिसंबर 2025 को प्रातः 9:30 बजे रंगायन सभागार में देव साहब के फिल्मी सफर और जीवन से जुड़ी सुनहरी यादें ताजा होंगी। पूर्व आईएएस महेन्द्र सुराणा के निर्देशन में हो रहे फेस्टिवल की थीम महिला सशक्तिकरण रखी गयी है।

### भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) बैच 2025 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा मॉड्यूल का उद्घाटन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) बैच 2025 के 31 अधिकारियों के लिए पाँच दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा मॉड्यूल का आज उद्घाटन केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई), पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बी पी आर एंड डी) जयपुर में किया गया। डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, निदेशक, सीडीटीआई जयपुर ने बताया की उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्री अनुज माथुर, वीएसएम रहे। डॉ. अमनदीप सिंह कपूर निदेशक, सीडीटीआई जयपुर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कवर किए जाने वाले विभिन्न विषयों और विषय-वस्तुओं का परिचय आईएसएस अधिकारियों को दिया। इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख पहलू, अंतर-एजेंसी समन्वय तथा आंतरिक सुरक्षा की नई चुनौतियाँ शामिल हैं। मुख्य अतिथि अनुज माथुर, वीएसएम, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) ने आईएसएस अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए और एक संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने अधिकारियों को देश की आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा चुनौतियों के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों की गहन समझ प्रदान करेगा तथा उन्हें अपनी भूमिकाओं में और अधिक प्रभावी योगदान करने में सक्षम बनाएगा।

### शारदीय नवरात्रों के पहले दिन से आधा दर्जनों स्थानों पर रामलीला महोत्सव मंचन शुरु



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भगवान राम के चरित्र से मर्यादा पालन, कष्ट सहिष्णुता और भ्रातृत्व जैसे गुणों की सीख देने के लिए सोमवार से छोटीकाशी में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर रामलीला महोत्सव का मंचन शुरू हुआ। आदर्श नगर, जवाहर नगर, मुरलीपुरा, शास्त्री नगर, झोटवाड़ा में लोग परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचे। मुख्य आयोजन न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पर प्रारंभ हुआ। दोपहर को प्रवीण बड़े भैया और अन्य ने गणपति पूजन, श्री रामचन्द्र मुकुट पूजन और श्री हनुमान ध्वज पूजन किया। शाम सात से रात्रि 10 बजे तक रामलीला का प्रभावी मंचन किया गया। पहला दृश्य प्रस्तुत किया गया।

**'राम मंदिर-आदर्शनगर में रामलीला का शुभारंभ'** आदर्श नगर स्थित श्रीराम मंदिर में सोमवार से रामलीला का शुभारंभ हुआ। श्री राम मंदिर प्रन्यास के सचिव अनिल खुराना ने बताया कि प्रारंभ में गणेश पूजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबू लाल गुरनानी, विशिष्ट अतिथि, पार्षद स्वाति परनामी, ऋतु मोतियानी, नीरज अग्रवाल और महेश कलवानी ने भगवान राम का पूजन कर आरती उतारी। श्री रामलीला का मंचन कोटा की सुप्रसिद्ध सुरभि कला केन्द्र के कलाकारों ने पहले दिन ही अभिनय क्षमता की छाप छोड़ी। महिला कलाकार भी रामलीला में अभिनय कर रही है। कॉलर माइक, लाइट और साउंड की विशेष व्यवस्था, रूपसज्जा और वस्त्र विन्यास पर विशेष ध्यान देने से राम लीला का मंचन प्रभावी रहा। दर्शकों की सुविधा के लिए कुर्सियों पर बैठकर रामलीला देखने की व्यवस्था की गई है। अनिल खुराना ने बताया कि यह रामलीला श्रद्धालुओं के लिए मनोरंजन और आध्यात्मिक आनंद का प्रमुख माध्यम बनेगी।

---

# इनविट्सः भारत के बुनियादी ढांचे के विकास की कहानी को सबके लिए सुलभ बनाने का प्रयास

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर विकास दुनिया की सबसे बड़ी निवेश संभावनाओं में से एक है और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स वह माध्यम हैं, जो आम निवेशकों को इस राष्ट्र-निर्माण यात्रा से जोड़ते हैं। आज सेबी के साथ पंजीकृत 27 इनविट्स लगभग 7 लाख करोड़ की परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रहे हैं। इनमें पावर, सड़कें, नवीकरणीय ऊर्जा, टेलीकॉम टावर और पाइपलाइनों जैसे सेक्टर शामिल हैं। अनुमान है कि 2030 तक प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों का आकार तीन गुना बढ़कर लगभग 21 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। जिससे इनविट्स देश के सबसे तेजी से बढ़ते निवेश विकल्पों में शामिल हो जाएंगे। इनविट्स भारत में मौजूद खरबों डॉलर के इंफ्रास्ट्रक्चर अवसर को हर निवेशक की पहुंच में लाते हैं - चाहे वह वैश्विक संस्थागत निवेशक हों या स्टॉक एक्सचेंज पर सिर्फ एक यूनिट खरीदने वाला खुदरा निवेशक। चीफ फ़ाइनेंशियल ऑफिसर इंडीग्रिड मेघना पंडित ने कहा कि इनविट्स एक ऐसा अनोखा निवेश प्लेटफॉर्म है, जो डेवलपर्स को पहले से तैयार और चल रही इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में फंसी पूंजी को अनलॉक कर नए प्रोजेक्ट्स में लगाने का अवसर देते हैं। साथ ही यह निवेशकों को भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ स्टोरी में सीधे भागीदारी और स्थिर रिटर्न प्रदान करते हैं। कम-से-कम 80 प्रतिशत आय उत्पन्न करने वाली परिसंपत्तियां रखना और 90 प्रतिशत से अधिक नकदी प्रवाह वितरित करना - यह सब मजबूत गवर्नेंस और भरोसेमंद रिटर्न सुनिश्चित करता है।

# हेल्दी हार्ट के लिए कदम से कदम मिलाकर जयपुराइट्स ने रन फॉर हार्ट' में लगाई दौड़

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राजधानी जयपुर में सी के बिरला हॉस्पिटल्स की ओर से आयोजित 'रन फॉर हार्ट' में शहरवासियों ने कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई और हृदय रोगों से बचाव का संदेश दिया। वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर हुए इस विशेष आयोजन ने न सिर्फ फिटनेस के प्रति उत्साह जगाया। बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की खासियत रही कि इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन को 3 किलोमीटर फन रन, 5 किलोमीटर टाइम्ड रन और 10 किलोमीटर टाइम्ड रन श्रेणी में बांटा गया था। प्रतिभागियों ने अपनी क्षमता और उत्साह के अनुरूप हिस्सा लिया और रन के दौरान पूरे जोश से दौड़कर फिटनेस का उदाहरण प्रस्तुत किया। अंत में विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। जिससे उनका हौसला और बढ़ा। सी के बिरला हॉस्पिटल्स के सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. आलोक माथुर ने मौके पर उपस्थित लोगों को दिल की सेहत बनाए रखने के सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव से दूरी ही 'हैप्पी हार्ट' का मूल मंत्र है। उन्होंने युवाओं से खास अपील की कि व्यस्त दिनचर्या में भी रोजाना कुछ समय शारीरिक गतिविधि के लिए जरूर निकालें। वहीं, हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर (ग्रोथ एंड डेवलपमेंट्स) सचिन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जाते हैं। उन्होंने इसे फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# घुमन्तू जाति उत्थान न्यास के धर्म आस्था प्रकल्प प्रशिक्षण वर्ग में सौ प्रशिक्षणार्थियों ने लिया भाग




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

घुमन्तू जाति उत्थान न्यास के तत्वावधान में धर्म आस्था प्रकल्प की ओर से आयोजित दो दिवसीय पूजा प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत समापन हुआ।

यह कार्यक्रम अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में संपन्न हुआ।समापन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि हवामहल विधानसभा विधायक बाल मुकुंद आचार्य विशिष्ट अतिथि रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल ने मुख्य वक्ता के रूप में समाज को संबोधित किया।गेंदालाल ने कहा कि घुमंतू समाज वह है जिसने देश भक्ति और धर्म की रक्षा के लिए त्यागपूर्ण जीवन जिया। आक्रांताओं की प्रताड़ना और अंग्रेजों के अत्याचार सहकर भी उन्होंने अपने धर्म और राष्ट्र प्रेम से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और विधायक बाल मुकंदाचार्य महाराज ने घुमन्तू जाति उत्थान न्यास के कार्यों की सराहना की। प्रान्त धर्म-आस्था प्रकल्प संयोजक एवं सालासर बालाजी धाम के पुजारी डॉ. विष्णु दत्त पुजारी ने बताया कि वर्ग में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 11 महिलाएं भी शामिल थीं। उन्हें भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुरूप पूजा-पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के मनु महाराज ने हवन की जानकारी दी, कमलेश महाराज और महावीर शर्मा ने पूजा क्यों और कैसे करनी चाहिए, इस पर मार्गदर्शन दिया। रजनी शर्मा ने घुमन्तू महिलाओं को विशेष रूप से पूजा की विधियों का प्रशिक्षण दिया। वर्ग के समापन अवसर पर 250 से अधिक लोगों की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पूजा में प्रयुक्त होने वाले संसाधन प्रदान किए गए।

**नवरात्रों के पहले लगी शिला माता के दरबार में भक्तों की भीड़**

# सिटी पैलेस से आई परंपरागत पोशाक माता माता रानी को धारण करवाई, आमेर में छठ को भरेगा विशाल मेला

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



शारदीय नवरात्रों की शुरुआत सोमवार को भक्तिभाव से हुई। सोमवार अल सुबह से ही भक्त शिला माता के दर्शन करने के लिए आमेर पहुंचे और लंबी कतार में लग कर माता रानी के दर्शनों का इंतजार करते नजर आए। आमेर दुर्ग स्थित प्रसिद्ध शिला माता मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जिससे मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा। कई भक्त दंडवत प्रणाम करते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से भी भक्तों ने इस अवसर पर भाग लिया। जो मंदिर की लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। मंदिर महंत बनवारी लाल शर्मा (शास्त्री) ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजकर 25 मिनट पर मंदिर परिसर में घट स्थापना की गई। जिसके बाद साढ़े 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोले गए। भक्तों के लिए दर्शन का समय सुबह साढ़े 7 से साढ़े 12 बजे और शाम साढ़े 4 से साढ़े 8 बजे तक रहेगा। वहीं गर्भगृह के सामने वैदिक मंत्रों और तांत्रिक विधि से पूजा करने के बाद मंदिर के पट भक्तों के दर्शनों के लिए खोला गया।

**'प्रतिदिन होगे दुर्गा सप्तशती के पाठ'**मंदिर महंत ने बताया कि शारदीय नवरात्रों में प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में दुर्गा सप्तशती के पाठ ,हवन,पुष्प श्रृंगार और फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी। इसके अलावा 10 महाविद्याओं के स्तोत्र पाठ,मंत्र जाप और कन्या बटुक पूजन किया जाएगा।

**'सिटी पैलेस से आई परंपरागत पोशाक माता रानी को की अर्पित'** शारदीय नवरात्रों में प्रतिदिन माता रानी को बाल भोग,राजभोग और सायंकालीन भोग अर्पण किया जाएगा। शारदीय नवरात्रों में सिटी पैलेस से आने वाली परंपरागत पोशाक माता रानी को धारण कराई गई। इसी के साथ माता शिला का भव्य श्रृंगार किया गया।

**'छठ को भरेगा विशाल मेला'**बताया जा रहा है कि साल में दो बार नवरात्रे आते है और छठ तिथि को आमेर में विशाल मेले का आयोजन होता है। जिसमें दूर-दराज से भी श्रद्धालु आते है। इस बार 28 सितम्बर छठ तिथि को आमेर में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।

**'दडवत करते पहुंचे श्रद्धालु'** सोमवार को पहले नवरात्रों में दूर - दूर से श्रद्धालु शिला माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। कुछ श्रद्धालु दड़वत करते माता रानी के समक्ष पेश हुए।

# जेकेके में 23 सितम्बर को गूँजेगा 'आधिरा बैंड' का फोक फ्यूज़न

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जवाहर कला केंद्र की ओर से कला एवं संगीत प्रेमियों के लिए एक विशेष फोक फ्यूजन म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रस्तुति लोकप्रिय 'आधिरा' बैंड की ओर से दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 23 सितम्बर को शाम 7 बजे केंद्र के मध्यवर्ती मंच पर किया जाएगा। इस संगीतमय संध्या का निर्देशन विक्की खंडेलवाल द्वारा किया जाएगा। वर्ष 2021 में चार दोस्तों ने मिलकर 'आधिरा बैंड' की शुरुआत की थी, जो आज अपने गीतों के माध्यम से देशभर में ख्याति प्राप्त कर चुका है। बैंड के कलाकार मंच परफॉर्मेंस के दौरान मुख्यतः अपने ही लिखे गीत प्रस्तुत करते हैं, जिनमें संगीत और कविता का अनूठा फ्यूज़न झलकता है। बैंड देशभर में लाइव परफॉर्मेंस का इंडिया टूर कर चुका है। कार्यक्रम में 13 वर्ष से अधिक उम्र के आगंतुक निःशुल्क प्रवेश ले सकेंगे।

# डांडियों की खनक और म्यूजिक बीट्स में थिरके लोग, लोक परंपरा और संस्कृति हुई साकार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



अग्रवाल वुमन ऑर्गेनाईजेशन की ओर से रामेश्वर गार्डन सीकर रोड़ जयपुर में भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। डांडियों की खनक और म्यूजिक बीट्स ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। आयोजन के दौरान लोक संस्कृति और परंपरा का भी बखूबी निर्वहन किया गया। पारंपरिक पोशाकों में आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने नृत्य से समां बांध दिया।

अग्रवाल वुमन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों ने भगवान अग्रसेन जयंती के अवसर पर हाथों में मेहंदी लगवाई। और अग्रसेन जयंती की ममहाआरती भी की गई। अग्रवाल वुमन आर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष रीमा गर्ग और महामंत्री अनिता पोद्दार ने बतायाअग्रवाल वुमन ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों ने भगवान अग्रसेन जयंती के अवसर पर हाथों में मेहंदी लगवाई। और अग्रसेन जयंती की ममहाआरती भी की गई। अग्रवाल वुमन आर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष रीमा गर्ग और महामंत्री अनिता पोद्दार ने बताया कि आर्गेनाईजेशन की ओर से इस वर्ष 15वां सफल और भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, और अग्रवाल समाज अध्यक्ष ओ.पी.गुप्ता, सुभाष गोयल और श्याम सुंदर खंडेला ने मां जगदम्बा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संरक्षक सुनीता बंसल, कोषाध्यक्ष किरण अग्रवाल सुरेखा अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेखा गर्ग मीनू अग्रवाल.उपाध्यक्ष अन्जु गुप्ता, मीना अग्रवाल, मन्जू अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री विधि अग्रवाल, रितिका अग्रवाल,अन्जू जाखलिया प्रचार मंत्री गीता खेतान,अर्चना अग्रवाल सहित सहयोगी संस्था -अग्रवाल समाज शास्त्री नगर अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुन्दर खण्डेला सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के उपनगरीय अध्यक्ष और महामंत्री सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

महामंत्री अनिता पोद्दार ने बताया कि डांडिया महोत्सव का उद्घाटन के बाद अतिथियों ने महाआरती में भाग लिया। उन्होंने बताया कि डांडिया महोत्सव में लोगों ने फूड जोन साथ ही बच्चों ने झूलों और खेलकूद का आनंद भी लिया। डांडिया महोत्सव अतिथियों में डॉ.अनिल बंसल, डॉ.सुनील बंसल बेस्ट ड्रेस, ब्यूटीफुल फेस, ब्यूटीफुल कपल, बेस्ट डांस, बेस्ट परफॉर्मेंस, बेस्ट हूटिंग अवार्ड दिए गए। वुमन आर्गेनाइजेशन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत डाडिया महोत्सव में भाग लेने वाले को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। साथ ही उन्हें मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# नवरात्रि के प्रथम दिन माँ करणी की कथा में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लिया आशीर्वाद



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सिरसी रोड स्थित केसर बाग मैरिज गार्डन में नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ करणी की कथा का आयोजन किया गया। कथा की शुरुआत महंत करणी प्रताप सिंह आढ़ा और भजन प्रवाहक किन्नू बन्ना द्वारा की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी कथा स्थल पर पहुंचकर माँ करणी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और कहा कि त्योहारों की शुरुआत सबसे पहले घर से होनी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म, रीति-रिवाज, संस्कृति और विरासत के बारे में जागरूक करना होगा। आज की पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ना बेहद आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की भी सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सकारात्मक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने महंगाई पर नियंत्रण की बात करते हुए कहा कि अब हमें महंगाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

महंगाई कम होने से गृहिणियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान चेयरमैन अजय सिंह चौहान,रामकिशोर प्रजापत,विजेंद्र सिंह पाल,गोविंद सिंह करीरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अग्रबंधुओं ने पुष्प वर्षा कर बढ़ाया उत्साह

# अग्रसेन जयंती : गाजों-बाजों और जयकारों के बीच निकली भव्य शोभायात्रा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



अग्रवाल समाज के प्रवर्तक एवं प्रथम पूज्य महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती सोमवार को टोंक रोड क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। प्रातः 6 बजे महाराजा अग्रसेन मंच के तत्वावधान में लगातार 25 वें वर्ष शोभायात्रा टेलीफोन कॉलोनी से रवाना हुई, जो गाजों-बाजों, ढोल-नगाड़ों और महाराजा अग्रसेन की जय के गगनभेदी नारों के साथ बरकत नगर, महेश नगर होते हुए अग्रवाल भवन, बैंक कॉलोनी पर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह अग्रबंधुओं ने पुष्पवर्षा की और श्रद्धा व उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। भजनों की मधुर स्वर-लहरियों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर महिला-पुरुष एवं बच्चों ने नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि जयंती का मुख्य समारोह सामुदायिक केंद्र, त्रिवेणी नगर में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चला। इस अवसर पर हजारों अग्रबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओ.पी. अग्रवाल (अध्यक्ष, जयपुर अग्रवाल समाज सेवा समिति), विधायक कालीचरण सराफ एवं विशिष्ट अतिथि अशोक मित्तल, ओमप्रकाश गुप्ता, एड. जी.डी. बंसल, पूर्व आरएएस आर.एस. गुप्ता, मुरारीलाल गुप्ता, पवन गोयल, रघुवीर अग्रवाल एवं अनिल गुप्ता सहित अनेक समाजश्रेष्ठियों ने संबोधित कर समाज में एकजुटता, सेवा और सामूहिक शक्ति बनाए रखने का आह्वान किया। महामंत्री केके सिंघल ने बताया कि समारोह में 70 से अधिक मेधावी छात्रों, 30 से अधिक बुजुर्ग अग्रबंधुओं तथा राजकीय स्तर पर सम्मानित 5 अग्रबंधुओं को साफ़ा-माला पहनाकर, शाल उड़ाकर एवं भगवान श्रीराम का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हृदय स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर 28 सितम्बर को जयपुर में होगा ग्रीन फिट मैराथन सीज़न-2

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




पिंक सिटी जयपुर एक बार फिर दौड़ते कदमों की गूंज से सराबोर होने जा रहा है। 28 सितम्बर 2025 को रन फॉर ग्रीनर अर्थ के संदेश के साथ ग्रीन फिट मैराथन का दूसरा सीज़न इस बार भी विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होगा।

इस मैराथन का उद्देश्य लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी है।राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर, दिया कुमारी मैराथन को फ्लैग ऑफ विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून कॉम्प्लेक्स की पार्किंग से सुबह 5:30 बजे करेंगी। कार्यक्रम की तैयारियों के बीच आज ग्रीन फिट मैराथन की ऑफिशियल टी-शर्ट और फिनिशर मैडल का अनावरण किया गया।

इस अनावरण ने न केवल प्रतिभागियों में उत्साह और रोमांच भर दिया, बल्कि फिटनेस प्रेमियों और रनिंग कम्युनिटी को भी आने वाले इस आयोजन के लिए एक नई ऊर्जा प्रदान की है। आयोजन टीम से वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों और हरे-भरे वातावरण में दौड़ना प्रतिभागियों के लिए एक अनूठा अनुभव होगा। इस दौरान रनर्स अपनी सेहत को मजबूत बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लेंगे।

इस आयोजन के प्रेजेंटर खंडेलवाल हार्ट इंस्टिट्यूट और केयर हेल्थ हैं, जबकि जीसीएल और फॉमिको मैट्रेसेस इस आयोजन के पावर्ड बाय पार्टनर हैं। खंडेलवाल हार्ट इंस्टिट्यूट से डॉक्टर संजय खंडेलवाल ने बताया कि आज के समय में हॉट और इससे जुड़ी जीवनशैली की बीमारियां बढ़ रही हैं, नियमित दौड़ और व्यायाम से इन पर नियंत्रण किया जा सकता है। इसलिए इस मैराथन का उद्देश्य विशेष है। मैराथन का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय की लाइव परफॉरमेंस होगी, जो धावकों को जोश और उमंग से भर देगी। ग्रीन फिट मैराथन में तीन श्रेणियां रखी गई हैं, जिनमें 3 किलोमीटर फन रन, 5 किलोमीटर टाइम्ड रन और 10 किलोमीटर टाइम्ड रन शामिल हैं। प्रतिस्पर्धी धावकों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार भी रखे गए हैं। 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर श्रेणी में पुरुष और महिला वर्ग के लिए 50 हज़ार रुपए तक के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। हर पंजीकृत प्रतिभागी को एक इवेंट किट दी जाएगी, जिसमें ऑफिशियल टी-शर्ट, फिनिशर मैडल और प्रमाणपत्र शामिल होंगे। यह किट केवल एक स्मृति चिन्ह नहीं होगी, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी।

प्रतिभागियों के लिए सुरक्षित और आकर्षक रनिंग ट्रैक, मेडिकल सपोर्ट, फिटनेस टिप्स तथा स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक धावकों से जुड़ने का अवसर इस आयोजन को और भी खास बनाएगा।

ग्रीन फिट मैराथन का यह दूसरा संस्करण जयपुर की फिटनेस कम्युनिटी और युवाओं के लिए एक बड़े उत्सव की तरह होगा, जिसमें खेल, स्वास्थ्य और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

आयोजन टीम को विश्वास है कि इस बार बड़ी संख्या में जयपुरवासी और बाहर से आने वाले धावक इसमें हिस्सा लेकर इस पहल को और सफल बनाएंगे।

## बारह साल बाद फिर मिले 2013 बैच के जांबाज सिपाही, शहीद साथियों को दी श्रद्धांजलि, ट्रेनिंग के दिनों को याद कर हुए भावुक




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

पुलिस आयुक्तालय जयपुर के 2013 बैच का मिलन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। लगभग बारह साल बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी की आंखें नम हो गईं। इस समारोह में पुलिसकर्मियों ने अपने ट्रेनिंग के दिनों को याद किया और ड्यूटी के दौरान शहीद हुए अपने साथियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले पुलिस ड्यूटी के दौरान शहीद हुए अपने साथी अजीत सिंह और मूलचंद को श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने 2 मिनट का मौन रखा और उनकी तस्वीरों पर फूल-मालाएं अर्पित कीं। इस दौरान कई पुलिसकर्मी भावुक हो गए।

**'ट्रेनिंग के दिनों की यादें हुई ताज़ा'** इस मिलन समारोह में सभी ने उदयपुर जिले के खेरवाड़ा स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में बिताए गए अपने प्रशिक्षण के दिनों को याद किया। जवानों ने अपने अनुभव और मजेदार किस्सों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। सभी ने साथ मिलकर फिल्मी गानों पर डांस किया और जमकर खुशियां मनाईं।

## फूड सेफ्टी टीम ने मुहाना मंडी में किए 372 लीटर खाद्य तेल सीज




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने सोमवार को मुहाना अनाज थोक मंडी में स्थित मैसर्स रघुनाथ ट्रेडिंग कंपनी पर कार्यवाही करते हुए लगभग 372 लीटर खाद्य तेल सीज किया है। इन पर न तो मैन्युफैक्चरिंग का बैच नंबर था और न ही एक्सपायरी डेट। टीम ने तेल के सैंपल लेकर उसे बिक्री करने से रोक दिया।सी एम एच ओ डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने मैसर्स रघुनाथ ट्रेडिंग कंपनी, मुहाना मंडी का निरीक्षण करने पर इसमें गौ मुखी सरसों तेल के 22 टिन पैक बिक्री के लिए रखे मिले।

## महिलाओं की चेन तोड़ने वाली शातिर महिला गिरफ्तार, मौके पर मिली महिला से दो चैन बरामद

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

माणक चौक थाना इलाके में स्थित गोविंद देव जी मंदिर में सोमवार को महिलाओं के गले से सोने की चैन तोड़ने वाली शातिर महिला को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने बावरियां गैंग की महिला से लूट की दो चैन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित महिला ने गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना इलाके में स्थित गोविंद देव जी मंदिर में महिलाओं के गले से सोने की चैन तोड़ने वाली शातिर महिला साहिबा उर्फ राखी पत्नि राहुल उर्फ निवासी- भरतपुर हाल खाना बदोस जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित महिला से पास से दो सोने की चैन बरामद की। आरोपित साहिबा उर्फ राखी मंदिरो मे आने वाली महिला दर्शनार्थियों की भीड़ मे शामिल होकर महिला श्रद्धालुओं द्वारा पहने हुए गले की चैन पर नजर रखकर मौका मिलते ही भीड़ का फायदा उठाकर उनके चैन चोरी कर लेती है तथा तुरंत वहां से निकल कर अपने ठिकाने पर ना जाकर अलग अलग जगह पर शरण लेती है ताकि कोई उस पर शक ना करे तथा पुलिस उसका पता ना लगा पाये।

## दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार- लूटे गए नौ मोबाइल फोन जब्त

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया हैं। साथ ही पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के पास से लूटे गए नौ मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये लोग भीड़भाड़ वाली जगहों पर राहगीरों के साथ उलझते है, जिससे राहगीर आरोपियों के साथ उलझता जिस का फायदा उठा कर ये उसका मोबाइल फोन लूट कर फरार हो जाते थे। पुलिस टीम बदमाशों के अन्य साथियों की तलाश के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही हैं।

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव : भव्य लवाजमे व झांकियों के साथ निकली महाराजा अग्रसेन की शाही शोभायात्रा, गूंजे महाराजा अग्रसेन के जयकारे





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

श्री अग्रवाल समाज समिति के बैनर तले चल रहे श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2025 के तहत सोमवार को महाराजा अग्रसेन की झांकियों के साथ भव्य शाही शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सजी झांकियों को जहां इकटक लोग निहारते रहे, वहीं राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा व आरती उतारकर शोभायात्रा की अगवानी की। इस शोभायात्रा में शामिल हजारों समाजबंधुओं ने आपसी सौहार्द,परस्पर प्रेम व एकजुटता का परिचय दिया। उपाध्यक्ष सुनील मित्तल, शोभायात्रा मुख्य संयोजक अशोक गर्ग व रमेश डेरेवाला ने बताया कि आज साम को चांदपोल बाजार अग्रवाल सेवा सदन से महाराजा अग्रसेन की शाही शोभायात्रा विधायक कालीचरण सराफ,विधायक बालुमुकुंदाचार्य व श्री अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष सीए ओपी अग्रवाल सहित समाजबंधुओं ने मुख्य रथ की पूजा-अर्चना कर रवाना किया। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जयपुर शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित गोयल,प्रमुख समाजसेवी सीता राम अग्रवाल व पवन लश्करी के अलावा महोत्सव प्रभारी रमेश नारनौली, मुख्य संयोजक कैलाश मित्तल,श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के महासचिव नरेश सिंघल, मुख्य समन्वयक मनीष मंगोड़ीवाला,अतिरिक्त महामंत्री विनोद अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष प्रहलाद राय दादिया वाले, अग्रसेन मैराथन के संयोजक सफारी ग्रुप के पवन गोयल,नारायण चावल वाले,महावीर शाह छीपोली वाले व सुशील अग्रवाल सहित अन्य समाजबंधु मौजूद रहे ।

इसके बाद यह श्री अग्रवाल सेवा सदन से रवाना हुई। शोभायात्रा में समाजबंधु गुलाबी पगड़ी व सफेद कुर्ता-पायजामा व पीली साड़ी धारण किए महिलाएं महाराजा अग्रसेन जयकारे लगाते हुए भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर नाचते-गाते हुए चल रही थी। इस दौरान शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन के राजकुमार की सजीव झांकी बग्गियों पर चल रही थी।

इसके अलावा शोभायात्रा में अन्य इष्ट देवी देवताओं व सामजिक संदेश देती झांकिया सजाई गई,जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रही।

इस दौरान शोभायात्रा की 5 बैंड के अलावा घोड़ा,हाथी व उंट का भव्य लवाजमा भी आकर्षण का केन्द्र रहा।, जिन-जिन मार्गो से यह शोभायात्रा गुजरी,वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आए। मार्ग में जगह-जगह भव्य आतिशबाजी की गई। यह शोभायात्रा अग्रवाल सेवा सदन से शुरू होगी जो छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़,जौहरी बाजार, सांगोनरी गेट होते हुए अग्रसेन कटला अग्रवाल कॉलेज आकर समाप्त हुई,जहां पर लक्की कूपन निकाला गया और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

**'मार्ग में बनाए 30 मंच,की शोभायात्रा की अगवानी'** शोभायात्रा के मार्ग में 30 मंच बनाए गए,जहां -जहां पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनधियों में पुष्प वर्षा व महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर जौहरी बाजार में मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा,उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने त्रिपालिया बाजार, बड़ी चौपड़ पर सांसद मंजू शर्मा, जौहरी बाजार राजस्थान वित आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी,जयपुर नगर निगम हैरिटेज मेयर कुसुम यादव, श्रीसरस निकुंज के अलबेली शरण जी महाराज,सांगानेर के कमलेश जी महाराज सहित राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरती कर शोभायात्रा की अगवानी की।

## दुबई होगा रियल कबड्डी लीग के पहले अंतरराष्ट्रीय संस्करण का होस्ट दिसंबर 2025 में




■ भारत के स्वदेशी खेल कबड्डी के विश्व मंच पर कदम रखने के साथ पांच देश करेंगे प्रतिस्पर्धा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारत का पारंपरिक खेल कबड्डी, रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) के रूप में ऐतिहासिक वैश्विक पदार्पण के लिए पूरी तरह तैयार है। यह पहली बार दिसंबर 2025 में दुबई में आयोजित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया इस खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। संस्थापक शुभम चौधरी ने कहा, आरकेएल एक टूर्नामेंट से कहीं बढ़कर है, यह ग्रासरूट स्तर के टैलेंट को एमपॉवर करने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर उचित स्थान दिलाने का एक आंदोलन है। दुबई एडिशन के साथ, हमारा लक्ष्य कबड्डी को मुख्यधारा के अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ खड़ा करना है। लीग के एम्बेसडर और को -फाउंडर, रणविजय सिंह ने कहा, कबड्डी एक वैश्विक खेल हैं जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय पहचान पाने के लिए सभी गुण मौजूद हैं और आरकेएल के दुबई में होने के साथ हम इसे उसे ये दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसका यह हकदार है। चीफ इंटरनेशनल संरक्षक, राशिद अल हब्तूर ने कहा, कबड्डी को दुबई में लाना हमारे लिए सम्मान की बात है। इस खेल में संस्कृतियों को एकजुट करने और दुनिया भर के युवाओं को प्रेरित करने की शक्ति है। कबड्डी एम्बेसडर, राहुल चौधरी ने कहा, कबड्डी ने मुझे सब कुछ दिया पहचान, सम्मान और प्यार। इस खेल को गांव से दुबई जैसे स्तर पर ले जाना वाकई ऐतिहासिक है। लीग के चीफ इंडियन संरक्षक, डॉ. अभिषेक वर्मा ने कहा, कबड्डी भारत का गौरव है और संस्कृति, फ्लेक्सिबिलिटी और टीम वर्क का प्रतीक है। आरकेएल के माध्यम से, हम भारत की खेल भावना को दुनिया तक पहुँचा रहे हैं। यह टूर्नामेंट एक अत्याधुनिक इनडोर एरीना में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उच्च-स्तरीय प्रोडक्शन, मनोरंजन और प्रशंसकों के लिए बेहतरीन अनुभव उपलब्ध होंगे।

## एनआईए जयपुर में राजस्थानी लोक संगीत संध्या ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा होराइजन सीरीज़ कार्यक्रम के अंतर्गत सृजन सांस्कृतिक क्लब के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में राजस्थानी लोक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसे प्रो. निशा ओझा (डीन शोध), प्रो. एच.एम.एल. मीणा (डीन यूजी), जे.पी. शर्मा (संयुक्त निदेशक), डॉ. सुमन शर्मा (अध्यक्ष, सृजन सांस्कृतिक क्लब) तथा श्री मोहन लाल जी मीणा (प्रशासनिक अधिकारी) ने किया। उनके साथ सृजन क्लब के सदस्य डॉ. कृतिका जोशी, डॉ. ब्रह्मदत्त शर्मा और डॉ. सोनू वर्मा भी सम्मिलित हुए।प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ. कमाल खान मंगनियार एवं उनके समूह ने अपने उस्ताद बड़े ग़ाज़ी खान साहब के साथ अद्भुत जुगलबंदी प्रस्तुत की। शमशू खान साहब की सारंगी, साथ ही अल्गोजा, कमायचा, ढोलक और खड़ताल की स्वर-लय ने वातावरण को पूरी तरह राजस्थानी रंगों से सराबोर कर दिया। संगीत की लहरियों में बंधे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो उठे और कई दर्शक लोक धुनों पर नृत्य करने लगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राशी शर्मा (पीएचडी स्कॉलर) ने किया।

## राज्य कर्मचारियों का कल को होगा शहीद स्मारक पर धरना और विरोध प्रदर्शन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राज्य कर्मचारियों के लिए की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्वित्ती नहीं होने तथा लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में प्रदेश के राज्य कर्मचारी 24 सितंबर को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर जयपुर में शहीद स्मारक पर धरना देंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

यह जानकारी महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने एक बयान में दी। राठौड़ ने बताया कि सरकार को सत्ता में आए लगभग पौने दो साल हो चुके हैं। लेकिन कर्मचारियों की वाजिब मांगों की ओर उसका कोई ध्यान नहीं है। सरकार के रवैए से प्रदेश के राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। गौरतलब है कि वित्त मंत्री माननीया दिया कुमारी जी ने 19 फरवरी 2025 को अपने बजट भाषण 2025 - 26 में कर्मचारियों के लिए कई घोषणाएं की थी।

लेकिन उन घोषणाओं की क्रियान्वित नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में काफी नाराजगी है। राठौड़ ने बताया की जिन घोषणाओं की क्रियान्वित की जानी है उनमें- प्लेसमेंट एजेंसीज के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किए जाने की व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था (आर एम एंड एल सी लिमिटेड) के गठन किए जाने के आदेश जारी करना। कॉंट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स के अंतर्गत नियोजित कार्मिकों को पदोन्नति में 2 वर्ष की छूट प्रदान करना। मंत्रालयिक कार्मिक, जेल प्रहरी, स्कूल व्याख्याता एवं प्रबोधकों आदि कैडरों का पुनर्गठन कर उनके पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि करना। समस्त मानदेय कर्मियों यथा मिनी आंगनवाड़ी/ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, सहयोगिनी, मॉ बाड़ी कार्यकर्ता, मिड डे मील, कुक कम हेल्पर, लांगरी, होमगार्ड, रेक्सको एवं शिशु पालन गृह कार्यकर्ताओं इत्यादि को सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त ग्रेच्युटी प्रदान करना। राठौड़ ने यह भी चेतावनी दी है के यदि समय रहते मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

प्रतिदिन 30–40 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

## जयपुर में 24 सितंबर से सजेगा माँ वैष्णो देवी का भव्य दरबार, त्रिकूट पर्वत की प्रतिकृति पर माँ वैष्णो देवी का सजाया गया है मां का दरबार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




माँ वैष्णो देवी का साक्षात दरबार समिति (रजि.) की ओर से राजधानी जयपुर में 24 से 27 सितंबर तक सूरज मैदान राजा पार्क में छोटी काशी के तहत माँ वैष्णो देवी का भव्य साक्षात दरबार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से लगातार हो रहा है और प्रत्येक दिन इसमें 30 से 40 हजार श्रद्धालु भाग लेते हैं। जिसमें त्रिकूट पर्वत की प्रतिकृति पर माँ वैष्णो देवी का दरबार सजाया गया है, जिसमें बाणगंगा, चरण पादुका, अर्धकुमारी, हाथी मत्था, सांझी छत, बर्फीली पहाड़ियाँ और ब्रह्माकुमारी जी द्वारा नौ देवियों की झाँकी शामिल है, जो श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत आकर्षक अनुभव प्रदान करेगी।

माँ वैष्णो देवी का साक्षात दरबार समिति (रजि.) के संयोजक चन्द्र प्रकाश राणा ने बताया कि आयोजन के दौरान बैरिकेडिंग, पानी की व्यवस्था, चिकित्सा की व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था, प्रसाद की व्यवस्था की गई है। यहाँ पर जो भी भक्त आएगा। प्रत्येक भक्त को प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद, महापौर तथा राजस्थान की विभिन्न सेवाओं के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम इतना अद्भुत होने जा रहा है कि जिसका शब्दों में वर्णन करना बड़ा मुश्किल है। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र खंडेलवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति लगातार भरपूर मेहनत कर रही है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन लोगों के लिए किया जा रहा है जो किसी कारणवश माँ वैष्णो देवी, कटरा नहीं जा पाए। इस आयोजन में आपको ऐसा अनुभव होगा मानो आप स्वयं कटरा में ही माँ वैष्णो देवी के दर्शन कर रहे हों। इसके अलावा दर्शन व्यवस्था तीन श्रेणियों–सामान्य (निःशुल्क), वीआईपी और गेस्ट पास–के अनुसार बनाई गई है। इन तीनों वर्गों के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वहाँ पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। वीआईपी और गेस्ट को पास के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी जयपुर वासियों और भक्तों से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर पधारकर माँ वैष्णो देवी के दर्शन का अनुभव प्राप्त करें।

## आप पार्टी प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस और सह प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज आज से तीन दिवसीय जयपुर दौरे पर




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

आम आदमी पार्टी राजस्थान में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने की दिशा में लगातार सक्रिय है। पिछले 15 दिनों से प्रदेशभर में 125 से अधिक प्रभारियों के नेतृत्व में सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस और सह प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिवसीय जयपुर दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान दोनों नेता कार्यकर्ताओं से वन टू वन संवाद कर जमीनी स्तर की स्थिति का आकलन करेंगे।

साथ ही अब तक चल रहे कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा भी करेंगे। दौरे के दौरान पार्टी से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों, नए जुड़े हुए विशिष्ट व्यक्तियों एवं संभावित जिम्मेदार साथियों से भी महत्वपूर्ण मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने 14 अगस्त को प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर नवीन संगठन के गठन की घोषणा की थी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस तीन दिवसीय दौरे के दौरान संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और कई अहम पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा भी की जा सकती है।

धीरज टोकस और घनेंद्र भारद्वाज का यह दौरा न केवल संगठन की मजबूत नींव रखेगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण की मुहिम अनवरत जारी, शहरी सेवा शिविर बन रहे आमजन की सेवा के पर्याय

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रारम्भ किए गए शहरी सेवा शिविर-2025 जनसेवा का पर्याय बन रहे हैं। 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुए इन शिविरों में अब तक हजारों की संख्या में आमजन के प्रकरणों का निस्तारण कर त्वरित राहत पहुंचाई गई है। प्रदेशभर में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले ये शिविर जनता की उम्मीदों को हक़ीक़त में बदल रहे हैं। आमजन के लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करते हुए वन स्टॉप समाधान के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को अधिकृत सेवा और सुविधा के लिए इंतज़ार न करना पड़े, यह इन शिविरों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।



### 3 हजार 656 पट्टों का हुआ वितरण

मुख्यमंत्री शर्मा के सतत् पर्यवेक्षण के फलस्वरूप इन शिविरों में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। अद्यतन प्रगति रिपोर्ट (सोमवार तक) के अनुसार इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के कुल 3 हजार 656 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। इनमें धारा 69-ए के अन्तर्गत 290 परिवारों को पट्टे का वितरण तथा 237 अपंजीकृत पट्टों को पुनर्वैध कर उनका पंजीकरण किया गया है।वहीं, निकाय, न्यास एवं प्राधिकरण की स्वयं की योजनाओं के अन्तर्गत 552 पट्टे जारी किए गए हैं। पूर्व में जारी पट्टों के समर्पण के बाद 63 नए पट्टे पुनः जारी किए गए और 203 प्रकरणों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड में परिवर्तित किया गया। साथ ही, 42 पट्टे स्टेट ग्रांट के तहत स्वीकृत हुए हैं। इन शिविरों के माध्यम से कच्ची बस्ती नियमन के तहत 148 बस्तियों को कानूनी पहचान प्रदान भी की गई।

### जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 17 हजार 593 प्रकरणों का निस्तारण

यह अभियान केवल पट्टा वितरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नगरीय निकायों को स्वच्छ, सुगम और हरित बनाने की दिशा में अहम साबित हो रहा है। अब तक रहवासी क्षेत्रों में 16,525.5 किलोमीटर सड़कों और वाणिज्यिक क्षेत्रों में 12,023.15 किलोमीटर सड़कों की सफाई की गई है। सीवर कनेक्शन के 2 हजार 287 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं, वहीं जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से जुड़े 17 हजार 593 प्रकरणों का निस्तारण भी हुआ है।

### पीएम स्वनिधि के 358 और सीएम स्वनिधि योजना के 744 प्रकरण स्वीकृत

इन शिविरों में विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 358 और मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के 744 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही 19,797.85 मीटर क्षेत्र में नाला-नाली मरम्मत कार्य करवाए गए हैं। स्वच्छ और हरित नगरीय जीवन की ओर कदम बढ़ाते हुए अभियान के दौरान 11 हजार 661 पौधें भी लगाए गए हैं।

**प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री ने की सामाजिक सरोकार केंद्रित अभियानों की पहल**

प्रधानमंत्री मोदी के सामाजिक सरोकारों से प्रेरणा लेते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में सामाजिक उत्थान और जनोपयोगी कार्यों की मुहिम चलाई है।

## 'एक पेड़-मां के नाम' अभियान- मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमजन से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत आम के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर संचालित सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किया गया।शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को स्वस्थ रखने में पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि प्रदूषण में कमी आए और जैव विविधिता को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को हरा-भरा और खुशहाल प्रदेश बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत् रूप से कार्य कर रही है। 'हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत इस वर्ष लगे लगभग साढ़े 11 करोड़ पौधें' यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर राज्य सरकार ने प्रदेश में मिशन हरियालो राजस्थान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पांच साल में 50 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। गत वर्ष इस अभियान के अन्तर्गत साढ़े सात करोड़ पौधे लगाए गए थे। वहीं इस वर्ष लगभग साढ़े 11 करोड़ पौधे



लगाए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सेवा पखवाड़ा के तहत मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में ग्रामीण सेवा शिविरों और शहरी सेवा शिविरों का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजन को त्वरित सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित करते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही, अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति, वृक्षारोपण जैसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व धर्मेंद्र राठौड़ से नसीराबाद में मुलाकात कर संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत व आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ (पूर्व राज्य मंत्री) के उदयपुर से जयपुर जाते समय नसीराबाद के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुजर के निवास स्थान पर अजमेर के कांग्रेस जनों ने गहलोत व राठौड़ का साफ़ा व दुपट्टा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की इसके साथ ही गत दिनों बोराज पाल टूटने से प्रभावित लोगों परिवारों का कांग्रेस की टीम द्वारा किये गये सर्वे व उसके बाद कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के नैतृत्व में किये गयबोराज पाल टूटने से प्रभावित लोगों परिवारों का कांग्रेस की टीम द्वारा किये गये ।

सर्वे व उसके बाद कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के नैतृत्व में किये गये विभिन्न सेवाकार्यों के बारे में अवगत कराया अशोक गहलोत ने धर्मेंद्र राठौड़ के नैतृत्व कांग्रेसजनों द्वारा किये गये सेवा



कार्यों की सराहना की सराहना की अशोक गहलोत व धर्मेंद्र राठौड़ का नसीराबाद पहुंचकर स्वागत करने व मुलाकात करने वाले कांग्रेस जनों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ गोपाल बाहेती, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, महासचिव पार्षद नौरत गुजर, अजमेर उत्तर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, देहात कांग्रेस प्रवक्ता कमल वर्मा पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, ब्लॉक संगठन महासचिव आरिफ खान, विकास चौहान, युनुस शेख, उमेश शर्मा, मुबारक अली चीता, विकास खारोल, सुमित मित्तल, मेहराज खान, घनश्याम सिंह राठौड़, हेमराज खारोलिया, रवि दग्दी, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद हमीद चीता, हेमंत जसोरिया व निर्मल पारीक आदि कांग्रेसजन शामिल थे इस अवसर पर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुजर, रामनारायण गुजर, ब्रम्हदेव कुमावत, हाजी क्य्युम खान व नसीराबाद कांग्रेस अध्यक्ष मो. हुसैन सहित नसीराबाद के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन भी उपस्थित थे।

## स्वदेशी अपनाने के प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करें, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दें:शिक्षा मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री से श्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरें कम करने के साथ ही जीएसटी की सिर्फ दो स्लैब रखते हुए आमजन को राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आह्वान किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ आज से ही आम उपभोक्ता तक पहुंचाएं। श्री दिलावर सोमवार को कोटा जिले के कर भवन में जीएसटी दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए जीएसटी बचत उत्सव के तहत आयोजित चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को आर्थिक बचत का तोहफा दिया है। इस निर्णय का लाभ व्यापारी वर्ग को वस्तुएं सस्ती कर आमजन पहुंचाना होगा और व्यापारी वर्ग की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि आज से ही नई दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाएं। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि देश ने हाल ही में कई चुनौतियों का सामना किया है। पूरे विश्व ने हमारी क्षमताओं को देखा है। देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों का मुकाबला करने एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करने के लिए सरकार को पैसों की जरूरत होती है ।

## राजस्थान के स्वर्णिम भविष्य की बुनियाद : भजनलाल सरकार का प्रगतिशील मॉडल : जोराराम कुमावत




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

देवस्थान, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री जोराराम कुमावत और गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सोमवार को डीग में प्रबुद्ध जन बैठक में भाग लेकर प्रदेश के विकास और जनकल्याण के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने कहा कि कृषि और जल सुरक्षा के लिए हुए ऐतिहासिक पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) समझौते, गौवंश संरक्षण के लिए अनुदान में अभूतपूर्व वृद्धि, युवाओं को रोजगार और शिक्षा के लिए दिए गए प्रोत्साहन, महिलाओं और बालिकाओं के सामाजिक सशक्तिकरण के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना जैसी योजनाओं ने लोगों को संबल दिया है। इसके अतिरिक्त, आर्थिक नीतियों, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी सरकार द्वारा काम किया गया है। राज्य सरकार की नीतियाँ केवल तात्कालिक लाभ नहीं दे रहीं, बल्कि भविष्योन्मुखी हैं, जिनका उद्देश्य एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर राजस्थान का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि धरातल पर काम कर दिखाया है। किसानों को राहत, युवाओं को अवसर, महिलाओं को सम्मान, व्यापारियों को सहूलियत और ग्रामीण अंचलों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाकर यह सरकार सबका साथ, सबका विकास की सच्ची मिसाल बनी है।मंत्री ने कहा कि जिस तेजी से हर वर्ग का जीवन बेहतर बनाने के लिए कार्य हो रहे हैं, उससे प्रदेश में विश्वास, आशा और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। भजनलाल सरकार का संकल्प है कि राजस्थान विकास और समृद्धि की उस राह पर चले, जहाँ हर नागरिक गर्व और सम्मान के साथ जीवन जी सके।

उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस सकारात्मक परिवर्तन की धारा में सहभागी बनें और राजस्थान को देश का आदर्श राज्य बनाने के अभियान में सहयोग दें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वन राज्यमंत्री ने करणी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने सोमवार को शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर अलवर जिले के करणी माता मंदिर, श्री चक्रधारी हनुमान जी मन्दिर, बाला किला स्थित श्री राम मंदिर तथा मां काली मंदिर में दर्शन में पहुंच कर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

### डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने जीएसटी रिफॉर्म्स का लाभ उपभोक्ता तक पहुंचाने का निवेदन किया तो व्यापारी बोले, हम भी उपभोक्ता हैं, सुधारों से सबसे ज्यादा खुशी हमें है



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने सोमवार को दूदू विधानसभा क्षेत्र में व्यापारियों, वेंडरों एवं उपभोक्ताओं के साथ संवाद कर 'जीएसटी बचत उत्सव' के बारे में संवाद किया तथा इन सुधारों का लाभ उपभोक्ता तक पहुंचाने का व्यापारियों से निवेदन किया। सभी ने डॉ. बैरवा को इस उत्सव की बधाई दी तथा बताया कि व्यापारी भी उपभोक्ता हैं, उन्हें भी अपना घर चलाना होता है। रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के दाम कम होने से उन्हें बचत होगी और वे अपने बच्चों के भविष्य और बेहतर शिक्षा पर ज्यादा खर्च कर पाएंगे, ज्यादा निवेश कर पाएंगे। डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म्स की दुनियाभर में चर्चा है। इससे हमारा उपभोक्ता, व्यापारी और उद्योगपति ज्यादा सशक्त होगा और वे देश के विकास में बेहतर योगदान दे पाएंगे। इस नवरात्रि के मौके पर दोहरी खुशियां लाने के लिए हम सभी प्रधानमंत्रीजी का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने जीएसटी के नए स्लैब से दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के कर में हुई।

# जोगाराम पटेल 1800 सीसी तक के ट्रैक्टर की खरीद पर लगेगी 5 प्रतिशत जीएसटी नवरात्र के पावन पर्व पर लागू हुए जीएसटी रिफॉर्म

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र लूणी के सर गांव में किसानों से संवाद कर जीएसटी रिफॉर्म पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने किसानों को कृषि एवं डेयरी क्षेत्र में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी।

**'जीएसटी रिफॉर्म 'सबका साथ सबका विकास' की भावना के अनुरूप'** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर 'सबका साथ सबका विकास' की भावना के अनुरूप जीएसटी रिफॉर्म को आज नवरात्र ( 22 सितंबर) के पावन पर्व पर सम्पूर्ण देश में लागू किया गया है। उन्होंने कहा नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा।

**'कृषि मशीनीकरण और आधुनिकीकरण का मिलेगा बढ़ावा'** पटेल ने कहा जीएसटी रिफॉर्म करोड़ों किसानों को सशक्त बनाने, डेयरी उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने और डेयरी उत्पादों को हर घर के लिए अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



उन्होंने कहा जीएसटी रिफॉर्म से कृषि मशीनीकरण और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा 1800 सीसी तक के ट्रैक्टर और उसके पार्ट्स की खरीद पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगी। साथ ही 15 एचपी से अधिक शक्ति के फिक्स्ड स्पीड डीजल इंजन, कटाई या थ्रेसिंग मशीनरी और कम्पोस्ट मशीन पर भी अब केवल 5 फीसदी जीएसटी लगेगी।

**'जैव उर्वरकों और कीटनाशकों पर लगेगी 5 फीसदी जीएसटी'** संसदीय कार्य मंत्री ने कहा अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड और जैव-कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्व पर पूर्व में 18 प्रतिशत जीएसटी लगती थी अब केवल 5 प्रतिशत लगेगी। वहीं जैव-कीटनाशकों और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से कम कर 5 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने कहा डेयरी उत्पादों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाकर उन्हें प्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देने के लिए मक्खन, घी, प्रिजर्व्ड सब्जियां एवं फलों को भी 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में रखा गया है और दूध और पनीर को जीएसटी से मुक्त रखा गया है।

**'महिलाओं की आय में होगी वृद्धि'** पटेल ने कहा डेयरी एवं डेयरी प्रसंस्करण उद्योग से महिला स्वयं सहायता समूह प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए है। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से महिलाओं की आय में वृद्धि होगी।


और उनका आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित होगा।

## अग्रवाल समाज सेवा समिति के प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्यपाल ने प्रतिभाओं का सम्मान किया




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को सीकर रोड स्थित विद्यालय सभागार में आयोजित अग्रवाल समाज सेवा समिति, जयपुर के समारोह में भाग लिया। उन्होंने समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं का अभिनंदन किया और शिक्षा से सर्वांगीण विकास किए कार्य करने का आह्वान किया।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवरात्र स्थापना पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को शारदीय नवरात्र स्थापना पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर में सपत्नीक विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। शर्मा ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।**

# भजनलाल सरकार ईमानदारी से कर रही है कार्य तो गहलोत को खिसकती दिख रही है अपनी ज़मीन : मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा की भजनलाल सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और जनसेवा को लेकर अशोक गहलोत तथा विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक एवं तथ्यहीन सूचनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपने शासन काल के दौरान की नाकामियां याद होनी चाहिए, जब भ्रष्टाचार, अपराध, बजरी और शराब माफियाओं को खुली छूट मिली थी। अब जब भाजपा सरकार ईमानदारी से कार्य कर रही है, तो उन्हें अपनी ज़मीन खिसकती दिख रही है। भाजपा और राज्य सरकार जनहित को सर्वोपरि रखती है। यदि कहीं समस्या है, तो सरकार खुले मन से उसे सुधारने को तैयार है, लेकिन विपक्ष द्वारा गढ़ी गई कहानियों और नकारात्मकता का जवाब जनता लगातार उपचुनावों में दे रही है, और आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों में स्वयं देगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार विकसित राजस्थान के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है।



प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक नए मेडिकल कॉलेज, सीएचसी, पीएचसी में संसाधनों की उपलब्धता और डॉक्टरों की नियुक्तियां की जा रही हैं। मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाइयों और जांचों की सुविधा देने के लिए आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। वहीं किसानों को फ़सल क्षति पर मुआवज़ा मिलना शुरू हो चुका है, और जिलों में ऑनलाइन वेरिफिकेशन सिस्टम से पारदर्शिता लाई गई है। गोशालाओं और पशुपालकों के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। पशु आहार की आपूर्ति को नियमित किया गया है। नरेगा के भुगतान में पिछली सरकार की लापरवाही से देरी हुई थी, जिसे अब सुधारा जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बोला कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने विशेष स्क्वाड, फास्ट ट्रेक कोर्ट और 24 घंटे महिला हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं सक्रिय की हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है, किसी भी अपराधी को राजनीतिक संरक्षण नहीं है, जैसा कि कांग्रेस सरकार में होता था। पेपरलीक माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।और उनकों सलाखों के पीछे पहुंचा रहे है। वहीं मुख्यमंत्री जनसुनवाई, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों और आपका विधायक, आपके द्वार जैसी योजनाओं के ज़रिए सीधे जनसंवाद हो रहा है। भाजपा के विधायक, जनप्रतिनिधि और मंत्री जनता के बीच हैं, न कि एसी कमरों में बैठकर ट्विटर राजनीति कर रहे हैं। विपक्ष का एजेंडा सिर्फ और सिर्फ भ्रम फैलाने का है वो इसके अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत और कांग्रेस पार्टी कन्हैयालाल जैसे निर्दोष नागरिक की हत्या पर भी घिनौनी राजनीति कर रही है। गहलोत को यह साफ करना चाहिए कि जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी।

## मोती डूंगरी स्थित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा : इनके पास जनता को लॉलीपॉप देने के सिवा और कोई काम नहीं बचा है: टीकाराम जूली

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों को कोरा ढकोसला बताते हुए आज मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इनके पास जनता को लॉलीपॉप देने के सिवा और कोई काम नहीं बचा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार केवल वाह वाही लूट रही है धरातल पर जनता के काम तो वहीं के वहीं रखें हैं। उन्होंने सरस डेयरी चुनाव, भूमाफियाओं को संरक्षण, विदेश नीति, अमेरिका द्वारा लग गए टैरिफ, कानून व्यवस्था, परिसीमन, वोट चोरी सहित विभिन्न मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग पर अत्याचार बढ़ रहे हैं,कानून व्यवस्था चौपट है, मुख्यमंत्री से प्रदेश में अलग से गृह मंत्री बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अलवर में आसपास के सरकारी मंदिरों और लोगों की जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा नाजायज कब्जे किए जा रहे हैं। प्रशासन भू-माफियों को संरक्षण दे रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशासन में अलवर के नेताओं का कंट्रोल नहीं है प्रदेश में हालात असामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पास प्रधानमंत्री मोदी को चमकाने के अलावा और कोई काम नहीं है तथा अलवर प्रशासन में केंद्र और राज्य के नेताओं का नियंत्रण नहीं है।

**प्रदेश में पुलिस का इकबाल खत्म**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही पुलिस पीट रही है। पुलिस का इकबाल अब प्रदेश में खत्म हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस तंत्र पूरी तरह करप्शन में जकड़ा हुआ है,माफिया हावी हो गए हैं, उन्होंने पूरे सिस्टम को टेकओवर कर लिया है, सरकार जवाब नहीं दे पा रही और मुख्यमंत्री के पास प्रदेश की समस्याओं को सुनने व देखने का समय नहीं है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में खान विभाग की बड़ी पहल**

# आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी करने वाला राजस्थान होगा

- अग्रणी प्रदेश, प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी से जल्द परिचालन में आएगी खाने
- केन्द्र सरकार का भी पी-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी पर बल
- आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में जुटा आरएसएमईटी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान में माइनिंग सेक्टर में आत्म निर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए अब मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ ही खानों को परिचालन में लाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा मेजर मिनरल के प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी की राह प्रशस्त की है। जल्दी ही प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ होने के साथ प्री एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला राजस्थान देश का प्रमुख और पहला राज्य बन जाएगा। हालांकि अन्य प्रदेशों में भी तैयारियां जारी है। उन्होंने बताया कि आने वाले महीने-बीस दिनों में आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। इसके बाद ई नीलामी की निविदा सूचना जारी की जा सकेगी। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि विभाग द्वारा मेजर मिनरल के चयनित ब्लॉकों के परिचालन में लाने की आवश्यक अनुमतियां पहले से ही प्राप्त कर उन्हें नीलामी की दिशा में कदम बढ़ाएं हैं। इसके लिए चयनित ब्लॉकों के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की कार्रवाई आरएसएमईटी द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि नीलाम खानों को परिचालन में लाने के लिए राजस्थान सहित देश के अधिकांश राज्यों में वर्तमान में ढ़ाई से तीन साल लग जाते हैं। इससे निवेश, रोजगार और राजस्व प्रभावित होने के साथ ही एलओई धारक को आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में देरी हो जाती है और खनन कार्य आरंभ नहीं हो पाता है। केन्द्र और राज्य सरकार इसके लिए गंभीर है। रविकान्त ने बताया कि केन्द्रीय खान मंत्रालय ने एमएमडीआर एक्ट में संशोधन कर सभी राज्यों से प्राथमिकता के आधार पर पांच-पांच ब्लॉक तैयार कर इनकी आवश्यक सभी अनुमतियां पहले से ही प्राप्त कर नीलाम करने को कहा है ताकि नीलाम खाने जल्द परिचालन में आ सके।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYK